मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है

मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।।

सरकार मेरी तुमसे दिल जबसे लगाया है,
तेरे तिरछे नैनो ने मेरा चैन चुराया है,
प्यारी सूरत उनकी जा लेने वाली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।।

ना जाने क्या उसने जादू कर डाला है,
जहाँ देखूं दिखता वो मेरा मुरलीवाला है,
मेरे जीवन में अब हर दिन ही दिवाली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।।

हर दिल में वो बसता जिससे मैं प्यार करूँ,
‘राजन’ सांवरिया का कैसे ऐतबार करूँ,
‘माहि’ देखा जाएगा जो प्रीत लगा ली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।।

मेरे मुरली वाले की हर बात निराली है,
कानो में कुंडल है मुखड़े पे लाली है।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25821/title/mere-murali-wale-ki-har-baat-nirali-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |